एसबीडी राजकीय महाविद्यालय, सरदारशहर

प्राध्यापक परिषद

विश्वविद्यालय की मुख्य परिक्षाओं के सुचारू संचालन, आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा, राजस्थान जयपुर के नियमानुसार प्रवेश प्रक्रिया के सम्पादन, छात्रसंघ चुनाव आयोजन व अन्य महत्वपूर्ण मुद्दों के संबंध में महाविद्यालय में प्राध्यापक परिषद की व्यवस्था है। महाविद्यालय नियमानुसार प्राध्यापक परिषद की समय–समय पर होने वाली बैठकों में सभी संकाय सदस्यों की उपस्थिति अनिवार्य होती है। प्राध्यापक परिषद में किये जाने वाले प्रश्न, निवारण व निर्णयों को प्राध्यापक परिषद रजिस्टर में मिनिटस के रूप में लिखकर संधारित व क्रियान्वित किया जाता है।

प्रगति रिपोर्ट

- दिनांक 10.07.2017 को प्राचार्य वी.वी. बडथ्वाल की अध्यक्षता में प्राध्यापक परिषद बैठक आहूत की गई। बैठक में विभिन्न संकाय सदस्यों ने अपने विभागों से संबंधित सुविधाओं पर प्रकाश डाला। साथ ही महाविद्यालय विकास संबंधी विभिन्न निर्णय लिये गये।
- दिनांक 30.09.2021 को प्राचार्य डॉ. वी.के. स्वामी की अध्यक्षता में प्राध्यापक परिषद बैठक आहूत की गई। बैठक में विभिन्न संकाय सदस्यों ने विभागवार सुव्यवस्था संबंधी सुझाव दिये एवं प्राणिशास्त्र विभाग को स्ववितपोषित योजनान्तर्गत स्नातकोत्तर स्तर पर क्रमोन्नती के संबंध में सुझाव दिये।
- दिनांक 25.08.2022 को प्राचार्य डॉ. वी.के. स्वामी की अध्यक्षता में प्राध्यापक परिषद बैठक आहूत की गई। छात्रसंघ चुनाव के आयोजन के संबंध में विचार–विमर्श किया गया।
- दिनांक 28.03.2023 को डॉ. वी.के. स्वामी की अध्यक्षता में प्राध्यापक परिषद बैठक में विश्वविद्यालय द्वारा मुख्य परीक्षा के सफल संचालन के संबंध में प्रमुख निर्णय लिये गये।